Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बांसवाड़ा में महिला परामर्शकर्ता को उसके दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *18 मार्च।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर मुख्यालय बांसवाड़ा इकाई द्वारा आज गुरूवार को बांसवाड़ा में कार्यवाही करते हुये महिला परामर्श केन्द, महिला थाना बांसवाड़ा की महिला परामर्शकर्ता रोहिता मिलियम को उसके दलाल शंभुदयाल सोनी (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि मुख्यालय की बांसवाड़ा ईकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि महिला परामर्श केन्द्र में दी गई रिपोर्ट पर कार्यवाही करने की एवज में महिला परामर्श केन्द, महिला थाना बांसवाड़ा की महिला परामर्शकर्ता रोहिता मिलियम द्वारा 5 हजार रुपये रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की बांसवाड़ा ईकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री माधोसिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम के द्वारा बांसवाड़ा में ट्रेप कार्यवाही करते हुये **रोहिता मिलियम** पत्नी श्री विवियन नाकु निवासी मिशन हास्पिटल के पास, रतलाम रोड़ बांसवाड़ा हाल महिला परामर्शकर्ता, महिला परामर्श केन्द, महिला थाना बांसवाड़ा द्वारा परिवादी से 5 हजार रुपये की रिश्वत राशि उसके **दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) शंभुदयाल सोनी** पुत्र गोवर्धनलाल निवासी म.नं. 501, सोहन विला, नमक मण्डी, अजमेरी गेट, जयपुर को दिलवाने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपियों आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के